हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 जुलाई 2025

[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

06 चंद हजार रुपए के वेतन में अपनी जान का जोखिम...



09 सीसीटीवी की निगरानी में आज नकलविहीन...



**खबर संक्षेप में**

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत दिलवाई शपथ

**नलखेड़ा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार नशे से दूरी है जरूरी विशेष जन-जागरूकता अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे की लत से मुक्त कर एक स्वस्थ जागरूक और सशक्त नागरिक जीवन की ओर अग्रसर करना है। इसी क्रम में शनिवार को थाना नलखेड़ा में थाना प्रभारी नागेश यादव एवं उनकी टीम द्वारा बगलामुखी मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों से संवाद कर नशे के प्रभावों की जानकारी दी गई और सभी को नशा मुक्ति संकल्प शपथ भी दिलवाई गई।

### जिले में 24 घंटे मे 11.8 एमएम बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 11.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 11.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 52.5, आष्टा में 4, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 7, बुधनी में 8.3, रेहटी में 11.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 25 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 500.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 447.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिमी है।

## कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट के सामने दिया धरना, कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मूंग तुलाई में किसान न हों परेशान

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा को ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के मुख्य अतिथ्य और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार डॉ.अमित सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों की उपज का तौल में काफी दिन लगाये जा रहे हैं। बारिश का मौसम होने के कारण किसानों की उपज ट्राली व अन्य साधनों में लाई गई उपज खराब तो हो ही रही है, साथ किसानों को भूखे-प्यासे रहकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ रहा है। प्रदेश में किसानों को शासन स्तर पर खाद पर्याप्त मात्रा में मुहैया नहीं कराए जाने से शासन की विफलता के कारण किसानों को प्रायवेट दुकानों से धड़ल्ले से हो रही यूरिया खाद की काला बाजारी से महंगें दामों पर खाद क्रय करने के लिये विवश होना पड़ रहा है। वहीं किसानों को अमानक खाद का विक्रय भी किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। किसान भाईयों के प्रति शासन की अनदेखी से हो धड़ल्ले से हो रही कालाबाजारी के चलते किसानों अमानक व फफुंद नाशक दवाईयां महंगे दामों पर खरीदना पड़ रही हैं। जिससे किसानों की फसल अंकुरित नही हो रही है।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने आरोप लगाकर कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री किसानों के साथ सहानुभूति दिखाने का ढोंग करते हैं जबकि उनके गृह जिले में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। किसानों को अमानक खाद बेचा जा रहा है, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। यहां तक कि किसानों की उपज का तौल समय पर नहीं हो रहा है। खरीदी व्यवस्था में जमकर धांधली हो रही है। सरकार किसानों के साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है और जिन वादों को कर के भाजपा सरकार में आई वे पूरे नहीं किए जा रहे। किसानों को नकली फफूंद नाशक दवा विक्रय करने वाली उत्पादक कंपनी इस सीजन में किसानों को गहरा आर्थिक घाव दिया है।

### नकली बीज और कीटनाशक से किसानों की फसल खराब

धर्मेंद चौहान ने कहा कि शासन की अनदेखी के कारण धड़ल्ले से अमानक दवाईयों महंगे दामों पर किसानों को बेची जा रही है जब किसानों ने दवा मिलाकर बोवनी की, लेकिन सोयाबीन बीज अंकुरित नहीं हुआ ओर फसल नष्ट हो गई। कई किसानों की फसल बर्बाद हुई है उनमें से कुछ ने आधे में मक्का लगा दी है तो किसी ने खेत पर जाना ही छोड़ दिया है। खेत में फैलने के असर से जो दोबारा फसल बोई है वह भी ग्रोथ बहुत धीमी गति से कर रही है। इसमें छोटे के साथ बड़े काश्तकार भी शामिल हैं। सरकार की नाकामी के कारण हो रही कालाबाजारी से किसानों को के समक्ष आर्थिक संकट गहरा रहा है, साथ ही किसानों की फसल बर्वाद हो गई है, जिससे किसान काफी परेशान है। कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि प्रदेश सरकार द्वारा समय रहते त्वरित किसान हित में उचित कदम नहीं उठाये गए तो कांग्रेसजन आगामी दिनों में किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रदेश सरकार की होगी।

**धरना प्रदर्शन में यह रहे मौजूद :** इस मौके पर सहप्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, कमल सिंह चौहान, गणेश तिवारी, निशांत वर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर, विवेक राठौर, गुलाब बाई ठाकुर, कमलसिंह, नईम नवाब, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेंद्र वर्मा, रमेश गुप्ता, राजाराम बड़े भाई, पवन राठौर, देवेंद्र चौधरी, राजेश भूरा यादव, सीताराम भारती, देवी सिंह थरोल, घनश्याम जांगड़ा, गोपाल शर्मा, संजीव अग्रवाल, संजय मालवीय, मजीद अंसारी, नरेंद्र खंगराले, मुकेश गड़ोदिया, महेश मुंदीखेड़ी, देवेंद्र बोरदी, रामनारायण शर्मा, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, ममता कीर, आरती खंगराले, मुकेश ठाकुर, कमलेश चांडक, जितेन्द्र सोभाखेड़ी, राजेंद्र यादव, राजकुमार मालवीय, ऋषि पटेल, महेंद्र ठाकुर, धीरेंद्र ठाकुर, गजराज परमार, तनिष्क त्यागी, राहुल गोस्वामी मौजूद रहे।


*माता पद्मावती देवी की चल रही आराधना*


## जैन समाज के चातुर्मास में हो रहीं विभिन्न धर्म आराधना

**बच्चों की वीर वेशभूषा के साथ शालीभद्र रिद्धि - सिद्धि महल की होगी प्रस्तुति आज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







स्थानीय जैन समाज के चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधनाएं चल रही है। समाज में श्रैणिक तप की तपस्या के साथ माता पद्मावती देवी की आराधना व एकासना का कार्यक्रम भी प्रति शुक्रवार चल रहा है। रविवार को समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा वीर वेशभूषा के साथ शालीभद्र रिद्धि - सिद्धि महल की सुंदर प्रस्तुती दी जावेगी। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित प.पू. प्रज्ञा भारती, महा मांगलिक प्रदात्री गुरुवर्या चंद्रप्रभाश्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या साध्वीजी प.पू.रत्न निधि म.सा. , पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना चल रही है। 16 जुलाई से श्रेणीक तप की तपस्या प्रारंभ हुई थी। सात तपस्वियों द्वारा इस तप की तपस्या की जा रही है। साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका माँ भगवती पद्मावती देवी की भव्य सामूहिक आराधना भी की जा रही है। आराधना में 80 श्रावक श्राविकाओं द्वारा प्रति शुक्रवार को भाग लिया जा रहा है। जिनके द्वारा मां पद्मावती की प्रतिमा के समक्ष विधि विधान के साथ धूप, दीप, फल, नैवेध, अक्षत, पुष्प आदि से पूजन की जाकर। पद्मावती देवी की आराधना जैन उपाश्रय में प्रातः 10:30 बजे से की जाती है। जो लगातार नौ शुक्रवार तक चलेगी। लाभार्थी परिवारों द्वारा सभी श्रावक श्राविकाओं के एकासना जैन धर्मशाला में करवा रहे हैं। साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की धन्य धरा पर रविवार को जैन आराधना भवन में समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा भव्यतिभव्य कार्यक्रम वीर वेशभूषा की सुंदर प्रस्तुति प्रातः 9:15 बजे से दी जावेगी। 4 से 12 वर्ष तक के बच्चों द्वारा महापुरुषों एवं महासतियों के साथ राजा, महाराजा, महारानी आदि की वेशभूषा की प्रस्तुति देंगे।

### गांव के नाले में मिला युवक का शव, नशे में नाले में गिरने से मौत होने की आशंका


भैरुंदा। तहसील मुख्यालय से करीब तीन किमी दूरी पर गांव बोरखेड़ा कला के नाले में रात के समय एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची। मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला के रोजगार सहायक भगवत पंवार ने भैरूंदा पुलिस को सूचना दी। अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में देखा गया। सूचना पर भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नाले से युवक के शव को बाहर निकाला। रहवासी को नाले के पास युवक की चप्पल खुली हुई मिली है। इधर उधर देखने पर नाले में नज़र पहुंची तब युवक नाले में नज़र आया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भैरुंदा सिविल अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया था। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए बड़ी मशक्कत की। तब जाकर युवक की पहचान राजेश पिता बच्चू दुबे निवासी देवास उम्र लगभग 55 साल का होना बताया गया। वहीं मिली जानकारी पर राजेश पिता बच्चू दुबे अपने भांजे पवन शर्मा निवासी हल्ल्याखेड़ी तहसील भैरुंदा के घर आया हुआ था। ग्राम के स्थानीय रहवासी को सड़क किनारे खुली हुई मिलीं चप्पल से जानकारी लगी आसपास देखने पर नाले में नज़र घुमाई तो युवक पानी में उलटे मुंह दिखाई दिया। स्थानीय रहवासी से तत्काल ग्राम पंचायत के रोज़गार को सूचना दी। युवक की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची गई। स्थानीय लोगों का में चर्चा नशे की हालत में गिरने की संभावना जताई। युवक शव का मिलने से चारों तरफ सनसनी मच गई। मौके पर पहुंचे रोज़गार सहायक भगवत पंवार ने भैरूंदा पुलिस को सूचना दी एक अज्ञात व्यक्ति को नाले में देखा गया। जिसकी उम्र लगभग 55वर्ष बताई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से व्यक्ति का शव नाले से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई गई। तब युवक की पहचान राजेश पिता बच्चू दुबे देवास के रूप में हुई। भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का हो रहा कार्यक्रम

साध्वी की प्रेरणा से विश्व शांति, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 20 जुलाई से 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ नवकार कलश ले जाया जा रहा है जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होता है । यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा।

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक का सम्मान किया गया। शनिवार को कारगिल विजय दिवस भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा द्वारा क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक गोविंद विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करने कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यशाला में सभी भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन मास में शिशु मंदिर में भैया बहिनों के लिए पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इसके लिए आचार्य परिवार द्वारा उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में भैया बहनों को धार्मिक शिक्षा दी गई और भगवान शिव के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से भैया बहनों को भारत की संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकारी मिली। यह कार्यशाला भैया बहनों के लिए एक अद्वितीय अनुभव था। इससे उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानने का अवसर मिला। विद्यालय के इस आयोजन से भैया बहनों के बीच धार्मिक भावना और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ी।

## सांदीपनि विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारत माता के वीर सपूतों की शहादत को नमन किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान कारगिल विजय के वीर शहीदों को विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी ने कारगिल युद्ध एवं ऑपरेशन विजय के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर ने बताया कि कारगिल युद्ध मे भारतीय सेना के अदम्य शौर्य एवं साहस ने दुश्मनों की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। गतिविधि प्रभारी मुकेश चौरसिया ने कारगिल विजय के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा रायफल मैन संजय कुमार कैप्टन मनोज कुमार पांडे ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि यह दिवस भारत माता के उन वीर सपूतों के साहस और शौर्य का स्मरण कराता है जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आओ झुक कर करे प्रणाम जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है खुशनसीब होता है वो लहू जो देश के काम आता है। प्रार्थना सभा के अंत में उन्होंने देशभक्ति गीत हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए। प्रस्तुत किया। वातावरण भारत माता की जय के नारे से गुंजायमान हो गया।

### स्मार्ट मीटर ने दिखाया 'स्मार्ट काम', ऑटो कट होने से गुल हुई 40 घरों की बिजली


सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में लगाए गए स्मार्ट मीटरों ने अपना काम दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार की रात शहर के नेहरू कालोनी में आटो कट से करीब 40 घरों की बिजली अपने आप ही गुल हो गई। लोगों ने घंटे दो घंटे बिजली आने का इंतजार किया, लेकिन जब बिजली नहीं आई तो लोग सक्रिय हुए और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर को समस्या से अवगत कराया। श्री राठौर के हस्तक्षेप के बाद कई घरों की बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। इधर शुक्रवार को भी लोग कटी लाइन जुड़वाने दिन भर बिजली कंपनी के दफ्तर के चक्कर काटते हुए नजर आए। गौरतलब है कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र में करीब बीते 3-4 महीनों से स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम जारी है। स्मार्ट मीटरों को लेकर शहर सहित अंचल में जबरदस्त प्रदर्शन हो रहा है तो मामला थाने तक भी जा पहुंचा। विद्युत वितरण कंपनी किसी की भी सुनने को तैयार नहीं है स्मार्ट मीटर लगाए जाने का सिलसिला जारी है। स्मार्ट मीटर को लेकर जिस बात का अंदेशा था, वह अब सामने भी आने लगा है।


## दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन

# मृत्यु से नहीं पाप कर्मों से भयभीत रहना चाहिए: मुनिश्री विवर्धन सागर

आत्मा ही कर्म की कर्ता है और आत्मा ही कर्म की भोक्ता है। अनुराग परिणाम से यह जीव भव-भव तक भटकता रहता है। कर्म बंध का कर्ता जीव स्वयं के परिणाम से होता है। संसार के प्रति अधिक आसक्ति, प्रीति से भव भ्रमण की श्रृंखला चलती रहती है। देव,गुरु, शास्त्र यहां जिन धर्म के आयतन है, इनके द्वारा पुण्य का उदय होता है। मृत्यु से भयभीत न होकर पाप कर्मों से हमें भयभीत रहना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहाकि यह जीव (आत्मा) ही कर्म की कर्ता है,और आत्मा ही कर्म की भोक्ता है। यहां जीव पौद्गलिक कर्मों का कर्ता है। सभी जीव लौकिक कार्यों में संलग्न है। कुम्हार घड़ा बनाता हैं, घड़ा का कर्ता कुम्हार यहा सब व्यवहार नय से है। चेतन कर्मों की कर्ता यहां आत्मा होती है। पौद्गलिक कार्य यहां आत्मा अनादि काल से करती आ रही है। उन्होंने कहा कि देव,गुरु, शास्त्र यह जिन धर्म के आयतन है। इनके द्वारा पुण्य का उदय होता है। संसार के कार्य से पाप कर्मों का ही उदय होता है। राग , द्वेष से प्रेरित होकर इस जीव ने संसार में कई संबंध बनाए हैं। किसी भव में यहां जीव पति-पत्नी रहता है तो किसी भव में पशु बन जाते हैं। अनुराग परिणाम से यहां जीव भव-भव तक भटकता रहता है। कर्म बंध का कर्ता जीव स्वयं के परिणाम से होता है। मुनि श्री ने कहा कि संसार के प्रति हमारा अधिक राग व प्रीति से भव भ्रमण की श्रृंखला चलती रहती है। इस भव की पत्नी अगले भव में नए रूप में खड़ी हो जाएगी।ॉ उन्होंने कहा कि शुभ परिणाम व अशुभ परिणाम दोनों का कर्ता जीव है। देव दर्शन से हमारे परिणाम शुद्ध हो जाते हैं। हमारे द्वारा निश्चित किए कार्य परिणाम बदल देते छोटे-छोटे से पुण्य के कार्य भी हमें पाप से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि एक राग होता है, एक अनुराग होता है। अनुराग यदि देव, गुरु, शास्त्र से होगा तो हमारे परिणाम शुद्ध होकर पुण्य देने वाले बन जाएंगे। यह जीव ही सुख-दुख का स्वामी है, हम ही सुख-दुख के कर्ता है। चातुर्मास में संतों के सानिध्य में रहकर शुभोपयोग में लगे रहना चाहिए। क्योंकि संत हमेशा भावों के झूले में झूलते रहते हैं। आहारचर्या के समय भी संत किसी जीव की विरार्धना न हो जाए इसका पूरा ध्यान रखते हैं।

उन्होंने कहा कि आहारचर्या के समय भी दिगंबर संत कर्मों की निर्जरा करते हैं। संतों की चर्या हमेशा शुभोपयोग की ओर लगी रहती है। संत हमेशा 12 भावनाओं का चिंतन करते हैं। मुनि श्री ने कहा कि मंदिर निर्माण से जीव पुण्य का कर्ता होता है। इंद्रियों के भोगों से राग भाव होता है। जो पाप की ओर ले जाता है। सुकौशल मुनिराज की मां आगामी भव में उन पर आक्रमण कर देती है यह शुद्ध भावों की अपेक्षा है। जीव ही कर्मों का कर्ता भी है और जीव ही कर्मों का भोक्ता भी है। उन्होंने कहा कि अच्छे पौद्गलिक कार्य करने से जीव सुख भोगेगा, बुरे कर्म करने से दुख भोगना होगा। धार्मिक अनुष्ठान करने पर मैना सुंदरी ने अपने पति का कुष्ठ रोग दूर कर दिया। कर्म सिद्धांत कहता है कि हम कितने ही घूमकर पाप कर ले पर उसका परिणाम निश्चित ही भुगतना पड़ेगा। मुनि श्री ने कहा कि अगर हम हिंसा रूपी व्यवसाय करेंगे तो उसका परिणाम स्वयं को भुगतना पड़ेगा, परिवार को नहीं। मृत्यु से भयभीत न होकर पाप कर्मों से हमें भयभीत रहना चाहिए जीव कर्मों के अनुसार ही फल भोक्ता है। सुकुमाल मुनि का दृष्टांत देते हुए मुनिश्री ने कहा कि सुकुमाल मुनि के पूर्व भव में अपनी भाभी को लात मारी थी। इसीलिए भाभी ने अगले भव में सियारनी बनाकर अपने बच्चों के साथ मिलकर सुकुमाल मुनि के शरीर को खाया था। कभी भी छोटे से छोटे जीव को कष्ट मत दो वहां अगले भव में आपको निश्चित रूप से कष्ट देगा। मुनि श्री ने कहा कि साधना की विराधना नहीं होना चाहिए।

खबर संक्षेप

## देवनारायण मंदिर पर लगाए 151 पौधे



**भौरासा।** पांदाजागीर की पहाड़ी पर स्थित श्री देवनारायण जी मंदिर पर सभी तरह के 151 पौधों को लगाकर पौधरोपण किया गया जिससे प्रकृति को सुंदर बनाने का कार्य वन समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह दरबार, देवनारायण समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण सेठा, परबतसिंह चौधरी, रवि पटेल, राहुल गुर्जर, राजेश गुर्जर , कमलसिंह गुर्जर , गोपाल पण्डाजी, बाबूलाल गुर्जर ,मंदरूपसिंह चौधरी के द्वारा पौधरोपण किया गया।

## बीएनपी में कर्मचारी का फर्जीवाड़ा हुआ उजागर

**देवास।** शहर में स्थित केंद्रीय हाई सिक्योरिटी संस्था बैंक नोट प्रेस में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। साल 2021 में आईबीपीएस की परीक्षा देने वाले दीपक कुमार की जगह पिछले तीन सालों से एक अन्य युवक सरवन कुमार बीएनपी में नौकरी करता पाया गया है। इस सनसनीखेज फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब बीएनपी प्रबंधन ने खुद बीएनपी थाने में शिकायती आवेदन देकर सच्चाई उजागर की। थाना बीएनपी के टीआई अमित सोलंकी ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेजों और पहचान के जरिए आरोपी ने बैंक नोट प्रेस जैसी सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था में घुसपैठ की। अब तक वह सरकारी वेतन और सुविधाओं का फायदा उठाता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी। महाप्रबंधक द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर बीएनपी थाना पुलिस ने भारतीय दंड संहिता बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना बीएनपी में जीरो पर कायमी कर आगे की जांच के लिए मामला रवाना किया जा रहा है।

### जिले में नहीं थम रहे एमपीईबी कर्मचारियों की मौत के हादसे

# चंद हजार रुपए के वेतन में अपनी जान का जोखिम उठाकर कर्मचारी कर रहे हैं काम

क्या जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई या सिर्फ मुआवजे के नाम पर जांच दबा दी जाएगी फाइलों में।





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जिले में एमपीईबी कर्मचारियों की मौत के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। शनिवार को एमपीईबी के जवाबदारों की लापरवाही के चलते एक और कर्मचारी ने जान गंवा दी। शनिवार दोपहर चापड़ा में आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र सिंह की करंट लगने से मौत हो गई थीं। महेंद्र टीम के साथ चापड़ा इंदौर रोड़ पर कार्य कर रहा था। इतनी गंभीर लापरवाही के बाद जिले के एमपीईबी के मुखिया अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया क्या जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे या सिर्फ मुआवजे के नाम पर फाइलों में जांच दब जाएगी।शनिवार हुए हादसे में बताया जा रहा है कि परमिट लेकर काम किया जा रहा था और अचानक लाइट चालू कर दी गई जिसकी चपेट में महेंद्र के आने से मौत हो गई। नियमानुसार आउटसोर्स कर्मचारी को खंभे पर नहीं चढ़ाया जा सकता यदि उसे ट्रेनिंग नहीं दी गई हो तो, बता रहे हैं मृतक के पास तो मीटर रीडिंग लेने का काम था। फिर फील्ड में कैसे काम कर रहा था। विभाग की लापरवाही के चलते अब तक कई आउटसोर्स कर्मचारी मौत का शिकार हो चुके है।चन्द हजार रुपए के वेतन में जोखिम लेकर कर्मचारी कार्य करते है।दरअसल नगर में शनिवार दोपहर को एक दिन दहलाने वाली घटना घटित हुई। इस घटना के बाद हर कोई सदमे में नजर आ रहा था। कहा जाता है कि जिंदगी में पल भर का कोई भरोसा नहीं है, ऐसा ही हादसा चापड़ा में घटित हुआ है। विद्युत मंडल का एक कर्मचारी जो कि कुछ पल पहले सबकी नजरों में घूमता हुआ नजर आ रहा था, वही पल भर में सब की नजरों से दूर हो गया। विद्युत मंडल चापड़ा पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र सिंह उर्फ़ नाना दरबार की करंट लगने से मौत हो गई, सूचना मिलने पर पूरे नगर में मातम सा छा गया और हर किसी की आंखें नम नजर आने लगी, हर कोई इस घटना को लेकर आहत नजर आ रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महेंद्र विद्युत मंडल के कर्मचारियों के साथ इंदौर रोड पर बिजली का कार्य करने गया था। इस दौरान उसे करंट लग गया, जिसमें के बाद तत्काल उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टि में बताया जा रहा है कि बिजली का कार्य करने के दौरान परमिट लिया गया था, बावजूद इसके करंट कैसे लगा यह बड़ा प्रश्न है। हालांकि अभी इस हादसे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। विद्युत मंडल का भी कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। परिजनों ने भी इस मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। मृतक के दो बेटे हैं। महेंद्र सिंह पिछले सप्ताह धाराजी से चापड़ा आयोजित कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुआ था। कमलापुर पुलिस थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि इंदौर रोड पर बिजली का कार्य करने के दौरान करंट लगने से महेंद्र की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टि में हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। शनिवार को शव का पीएम कर परिजनों को स्वीकृत कर दिया गया है। रविवार सुबह मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### मामले की होगी जांच

दुखद घटना घटित हुई है, बिजली का कार्य करने के दौरान करंट लगने से मौत हुई है। प्रथम दृष्टि में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है, पूरे मामले को लेकर गंभीरता से जांच की जाएगी दो दिन बाद हादसे का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

**निमेष कुमार,** डी विद्युत मंडल सब-डिवीजन

# सात साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

### थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस के द्वारा मारपीट संबंधी प्रकरण में सात वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी विष्णु पिता मुकुंद देवगड़े उम्र 50 साल निवासी मल्हार कालोनी देवास को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया।एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें मे ऑपरेशन हवालात की शुरूआत की गई है । जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है।

साथ ही गंभीर अपराधों मे फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र के द्वारा संबंधी प्रकरण में प्रकरण क्रमांक 1398/2018 अप.क्र. 342/2018 धारा 294, 323, 506,34 भादवि का आरोपी विष्णु पिता मुकुंद देवगड़े उम्र 50 साल निवासी मल्हार कालोनी देवास लगभग7 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था।

शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमीत अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकातं चौरसिया के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी । जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रत्यनशील थी। शुक्रवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार स्थाई वारंटी आरोपी को जिला देवास में देखा गया है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। उक्त टीम ने सफलता पूर्वक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# उभरते कलाकारों के चित्रों में दिखे भविष्य की सभावनाओं के दृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के गंगा नगर में स्थित अभिरूचि ललित कला अकादमी एवं शोध संस्थान में अध्ययनरत फाइन आर्ट के विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी सृजन को देवास के कला, साहित्य व राजनीती से जुड़े कई प्रतिष्ठित लोगों ने निहारा और भविष्य में देवास के उभरते युवा चित्रकारों की कला से भावी संभावनाएं व्यक्त की। देवास के पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव और देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव ने कलाकृतियों का अवलोकन किया एवं आयोजको कलाकारों को बधाई,शुभकामनाएं दी। इस बीच विद्यार्थियों ने अतिथियों को प्रदर्शित प्लास्टिक के काले पेड़ के आर्ट इंस्टालेशन और भारतीय लोक शैली परंपराओं और कालिदास ग्रन्थ पर बनी कलाकृतियों के विषय में बताया। इस अवसर पर संस्थान के अमित पिठवे, डॉ. सोनाली चौहान, जयप्रकाश चौहान,चित्रकार मनोज पवार, राजेश परमार, जमनालाल वर्मा,ममता मालवीय रोहित नंदाने, मैत्रेयी सिंह ठाकुर, कृतिका सोनी, कशिश सिरोलिया, क्रिश सुल्तानियां व अन्य उपस्थित थे। प्रदर्शनी सुबह 12 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगी।

## कारगिल दिवस पर शहीद के पिता का किया सम्मान



**भौरासा।** शौर्य और बलिदान की अमर गाथा कारगिल विजय दिवस पर आज भौरासा नगर के युवाओं द्वारा ग्राम कुलाला में पहुंचकर अमर शहिद संदीप यादव के स्मारक पर जाकर शहीद संदीप यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीद यादव के पिता कांतिलाल यादव का शाल, श्रीफल व पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अश्विन जायसवाल, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, करण सिंह यादव, मेबर साहब, कैलाश यादव, कुलाला पार्षद सचिन यादव, मुकेश कुमावत, मौसम माली,डी,के, आदि लोग मौजूद रहे।

# मियावाकी जैसे घने वन रोपण के माध्यम से प्रकृति को समर्पित कर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एक प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयवर्धन जोशी ने अपने जन्मदिवस को प्रकृति को समर्पित करते हुए एक हरित संकल्प के रूप में मनाया। किसी भव्य उत्सव अथवा समारोह के बजाय जोशी ने शहर के औद्योगिक क्षेत्र में मियावाकी पद्धति पर आधारित एक घने, बहुस्तरीय शहरी वन का रोपण कर जन्मदिन को एक सार्थक और स्थायी पहल में बदला। यह वन पूर्णतः स्थानीय प्रजातियों से युक्त मियावाकी जैसे जंगल की संरचना को अपनाता है, जिसमें जैव विविधता, प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा दिया जाता है। जिले में मियावाकी तकनी से बनाया जा रहा पहला वन रहेगा। बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और उनके मन की बात कार्यक्रम से मिली, जिसमें प्रधानमंत्री जी ने मियावाकी पद्धति से घने वन विकसित करने की आवश्यकता और सफलता के उदाहरणों का उल्लेख किया था। जब मन की बात में हमारे प्रधानमंत्री पर्यावरणीय जिम्मेदारी की बात करते हैं, तो वह हम जैसे युवाओं को गहराई से प्रेरित करती है। मैं चाहता हूँ कि मेरी छोटी-सी पहल बड़े बदलाव की ओर एक कदम बने।जापानी वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित तकनीक के आधार पर यह वन पूरी तरह से देशी प्रजातियों, जैसे पीपल, नीम, अर्जुन, जामुन, करंज, गुलर, आँवला, बेल आदि से तैयार किया जा रहा है। पौधों को उच्च घनत्व में 3 से 5 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से रोपा गया है। यह वन आगामी 2–3 वर्षों में एक आत्मनिर्भर, घना और जैव विविधता से भरपूर शहरी वन के रूप में विकसित होगा।

# छात्रा की तबीयत खराब, जिम्मेदारों की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



क्षेत्र में संचालित शासकीय स्कूलों के लापरवाही आए दिन सामने आ रही है, लेकिन जिम्मेदार शिक्षकों को बचाते हुए अधिकारी नजर आ रहे हैं। शनिवार के दिन बागली नगर के एक स्कूल का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार शासकीय कन्या पीएम श्री विद्यालय बागली की एक छात्रा पूजा चौहान की तबीयत खराब हो गई।

तबीयत खराब होने के बाद स्कूल में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा लापरवाही पूर्वक छात्र को अन्य छात्राओं के साथ उपचार के लिए अकेले शासकीय अस्पताल भेज दिया गया। वहां पर साथ में आई छात्रा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैडम द्वारा उन्हें अस्पताल अकेले ही भेजा गया है, प्रश्न यह उठाता है कि स्कूल से छात्राओं को अकेले अस्पताल भेजना क्या सही है, छात्राओं से जुड़ा मामला होने के बावजूद भी शिक्षक शिक्षिकाओं ने गंभीरता नहीं दिखाई स्कूल से कोई भी साथ में नहीं आया। जब यह जानकारी मीडिया को लगी मीडिया के कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली जब इस बात की भनक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक शिक्षकों को लगी तो मामले पर पर्दा डालते नजर आ रहे थे। इस बीच यदि छात्रा कि तबियत ज्यादा खराब हो जाए या फिर ओर कुछ हो जाए तो उसका जिम्मेदार को रहेगा,जब तक बच्चे स्कूल में रहते हैं तब तक जिम्मेदारी स्कूल की होती है। लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से भागते नजर आते हैं, जबकि बीआरसी कार्यालय भी इसी स्कूल परिसर में संचालित होता है।

जिसके बावजूद इस प्रकार की लापरवाही सामने आई है।मामले में बीआरसी बागली कय्यूम खान बनारसी ने बताया कि शिक्षिका को छात्र के पास जाने का कहा गया था और सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रकार की लापरवाही ना करें।वहीं पीएमश्री स्कूल की प्राचार्य सुनीता विश्वकर्मा ने बताया किमेरे द्वारा छात्र को चक्कर आने पर अस्पताल भेजा गया था, उपचार के दौरान हम भी अस्पताल पहुंचे थे। छात्र को व्यवस्थित रूप से उसके घर छोड़ दिया गया है। वह परिजनों को कह दिया गया है की पुर्ण रूप से स्वस्थ हो पल स्कूल भेजे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह पीएचसी अमलाताज और एसएचसी जवासिया में पहुंची टीम

# भारत सरकार की टीम ने एनक्यूएएस का किया नेशनल असेसमेंट






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि जिले कि स्वास्थ्य संस्थाओं के नेशनल असेसमेंट कि तैयारियो के लिए राज्य और जिला स्तर की टीम एनक्यूएएस चेकलिस्ट के बिंदुओं पर नियमित कार्य करती है।

डॉ. बेक ने बताया कि भारत सरकार की दो सदस्य टीम जिसमें डॉ. प्रमोद कुमार, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, अस्पताल प्रशासन विभाग जयपुर राजस्थान और डॉ. हर्षला सुधाकर वेदक जिला क्षय रोग अधिकारी कोल्हापुर महाराष्ट्र द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड बागली की पीएचसी अमलाताज और शनिवार को विकासखण्ड देवास (बरोठा) के उप स्वास्थ्य केन्द्र सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर जवासिया का एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट किया गया। नेशनल असेसमेंट के दौरान सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक , बागली बीएमओ हेमंत पटेल उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर,डीयूएम डॉ. स्नेहल वर्मा, डॉ. अदिति इंगले, डॉ. हरीश कोरी, बीपीएम रतनसिंह जमाले सहित संस्था के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, सीएचओ ,स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा सहयोगी,आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारत सरकार कि टीम ने पीएचसी में 6 डिपार्टमेंट और उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रदाय 7 सेवाओं का एनक्यूएएस चेकलिस्ट के बिंदु जिसमें स्वास्थ्य संस्था में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाए, जिसमें गर्भावस्था और प्रसव देखभाल ,बचपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ ,परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएँ और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ , सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन और तीव्र साधारण बीमारी छोटी बिमारियों के लिए बाह्यरोगी देखभाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित संचारी रोगों का प्रबंधन (गैर-सरकारी) , नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ ,गैर-संचारी रोगों की जाँच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, संस्था कि साफ सफाई सीएचओ, एएनएम, आशा का इंटरव्यू, दस्तावेज ,लाइसेंस ,प्रमाणपत्र सत्यापन मरीजों के रिकॉर्ड का रखरखाव, पोर्टल जांच. आदि बिंदओं पर नेशनल असेसमेंट किया गया।

टीम के साथ बैठक में सीएमएचओ डॉ. बेक ने जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सामान्य जानकारी के साथ ही समय-समय पर राज्य शासन की टीम द्वारा प्रदाय दिशा-निर्देशों के अनुसार एवं भारत शासन की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अनुरूप एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) अंतर्गत बिन्दुवार चेकलिस्ट अनुसार किये गये कार्य की जानकारी दी। एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट पुर्ण होने पर क्लोजिंग बैठक आयोजित कर जिसमें भारत सरकार कि टीम सदस्यो द्वारा पुर्ण हुए असेसमेंट के सम्बंध में डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि जिला ब्लॉक की संयुक्त टीम के प्रयास से एनक्यूएएस के मापदण्ड अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी अमलाताज और एसएचसी जवासिया इन दोनो में जो कार्य हुआ सराहनीय है, गुणवत्तापुर्ण कार्य हुआ है। स्टॉफ ने बहुत मेहनत की और बहुत अच्छा रिकार्ड रखा गया। डॉ. हर्षला सुधाकर ने भी सभी के द्वारा रिकार्ड मेनटेन और क्वॉलिटी वर्क की तारिफ की। साथ ही एनक्यूएस के मापदण्ड में रिकॉर्ड अपडेट निरन्तर करने को कहा। संस्था का नेशनल असेसमेंट मे आना ही बहुत बडी बात होती जो राज्य और देवास जिले कि टीम ने कर दिखाया।

# कल होगा क्षेत्र के प्राचीन कंगरिया देव का पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन कांगरिया देव के पूजन के लिए रामपुरा में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आसपास के सभी गांव से ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार को कांगरिया देव को बड़ी पूजा कराई जाएगी। जानकारी अनुसार क्षेत्र के लोगों द्वारा हर तीसरे वर्ष में बाबा कांगरिया देव की बड़ी पूजा कराई जाती है। मान्यता है कि भीषण गर्मी में बरसात के समय पानी नहीं गिरता है तो यह पूजा 60 गांव से अधिक लोगों के द्वारा चढ़ाई जाती है। बागली रियासत के साहब और बेहरी गांव के द्वारा पूजा की जाती है, पूरे क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है बारिश की कामना को लेकर 60 गांव से अधिक लोगों के द्वारा देव गादी धावडिया धूपघटा वाला बाबा मां खाड़ी वाली की पूजा अर्चना करते हुए कांगरिया देव कि पूजा की जाएगी। कांगरिया देव स्थान रामपुरा से लगभग 16 किमी दूर सब से ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। जहां पर पूजा कराई जाएगी।इस दौरान क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणों उपस्थिति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कांगरिया देव देवास जिले और इंदौर जिले की सीमा पर स्थित ऋषि पहाड़ है जहां पर कांगरिया देव विराजित है। इस दौरान कांगरिया देव पडियाड नर्मदा बाई बच्छानिया, पुजारी गजे सिंह राठौड, चंदन सिंह राठौड रमणकसिंह, कासलीवाल, शांतिलाल पाटीदार, कन्हैयालाल बागवान, राम सिंह बघेल, संतोष कर्मा, दिनेश चौहान, जितेंद्र बचनिया, नंदू देवड़ा, भगवान सिंह कासलीवाल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मंदिर गए युवक की मोटर साइकिल चोरी

**ललितपुर।** चौकी नेहरू नगर अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा निवासी ठाकुरदास पुत्र राजपाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 जुलाई को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह दर्शन करने के लिए तुवन मंदिर गया हुआ था, जहां स्थित श्रीशिव राधा कृष्ण मंदिर के लिए आया था। उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 7352 को मंदिर के बगल में खड़ी कर दी और कुछ देर बाद जब वह बाइक लेने गया तो उसकी मोटर साइकिल मौके से गायब थी। बताया कि उसने बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक की जानकारी नहीं हो सकी। पीड़ित ने बताया कि उसकी पल्सर मोटर साइकिल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दबंग ने वृद्ध के साथ मारपीट कर घसीटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना अंतर्गत स्कूल के पीछे रहने वाले 85 वर्षीय मूलचंद्र कुशवाहा पुत्र प्यारेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 24 जुलाईबी की रात करीब 10.30 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी मोहल्ले के बब्बू दुबे पुत्र कुंजनलाल दुबे आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर बब्बू ने उसके साथ डण्डे से मारपीट कर दी। इस हमले में उसे सिर से खून निकलने लगा। आरोप है कि बब्बू ने उसे घसीटते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि बब्बू दुबे आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं, इसलिए कोई भी उसके खिलाफ शिकायत भी नहीं कर पाता है। पुलिस ने पीड़ित वृद्ध की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ब्लॉक स्तरीय कबड्डी व शतरंज प्रतियोगिता हुई

**मुंगावली।** नगर के सेंट मीरा कॉन्वेंट हाई स्कूल में आज ब्लॉक स्तरीय कबड्डी, एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मुंगावली ब्लॉक से इंदिरा प्रियदर्शनी स्कूल ,सेंट मीरा स्कूल, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल स्कूल, मां कान्वेंट स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्री कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया। इस प्रतियोगिता को करने में सहयोगी के रूप में ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी मनोज राठौर शतरंज प्रतियोगिता कराने के लिए विजेंद्र वर्मा,खेल शिक्षक जावेद खान, ऋषि तिवारी, आशीष चिंडारिया, अनूप सिंह तोमर, आसिफ खान, साक्षी पवार, मुबारक खान, फरहान खान, हैदर यार खान, आकिब खान,सहित खेल प्रशिक्षक एवं भारी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम महिलाओं ने पौधे रोपे

**मुंगावली।** एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर के श्री दिगम्बर जैन महिला महा समिति द्वारा पौधरोपण किया गया, बड़े होने तक देखरेख का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान नींबू,जामफल,मीठी नीम, आम, पपीता, गुलाब,सहित अन्य पौधों रोपे गए। समिति ने सभी महिलाओं ने मनोरजन गेम छोटी सी डिबिया, हरियाली की पुड़िया,मनोरजन गेम खिलाए गए। साथ अन्य गेमों के माध्यम से पौधारोपण किया गया वही खेल में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए समिति की महिलाओं ने सभी नागरिकों से अपील की ।

### इनर व्हील क्लब का समारोह संपन्न

अशोकनगर। इनर व्हील क्लब अशोकनगर द्वारा आयोजित इंस्टालेशन सेरेमनी बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुई। इस आयोजन में नये पदाधिकारियों को पदारोहण कराया गया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष विजेता कांसल ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष सरिता अग्रवाल को कॉलर पहनाकर उन्हें पदभार सौंपा। वहीं, वर्तमान सचिव मोना गोयल ने आगामी सचिव चैतन्य मनोरिया को अपना दायित्व सौंपा।

---

परीक्षा के लिए तैनात सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरंतर रहेंगे भ्रमणशील

# सीसीटीवी की निगरानी में आज नकलविहीन होगी आरओ, एआरओ परीक्षा : जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के 11 केन्द्रों पर रविवार को आयोजित होने वाली आरओ/एआरओ परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा जनपद में 27 जुलाई रविवार को 11 परीक्षा केन्द्रों (राजकीय इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, डॉन बोस्को एकेडमी, संस्कार वैली एकेडमी, एसडीपीएस इण्टर नेशनल स्कूल, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल) पर एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक सम्पन्न की जा रही है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी।

उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे। इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा केन्द्रो की व्यवस्थाओं यथा साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि को देखा। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें व चिकित्सा विभाग प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे।

*परीक्षा कक्ष में इलैक्ट्रॉनिक डिवाइज व मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित, प्रवेश के पूर्व होगी सघन तलाशी*

चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पहरा, अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर: पुलिस अधीक्षक



**अभ्यर्थियों से ये सभी सामग्री करवा ली जाएगी जमा**

अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा-कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी या संचार उपकरण आदि तथा सादे कागज, कापी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री गुटखा के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश न दिया जाए, उक्त वस्तुओं को अलग कमरे में जमा करके अभ्यर्थियों को टोकेन दे दिए जाएं। उक्त सामग्री जमा करने हेतु अभ्यर्थियों से कोई धनराशि/शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया**



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है जो परीक्षाओं को निर्वाध संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाएगा। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पेहरा रहेगा, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सम्बंधित केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक राकेश सिन्हा, अंजना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



# रोजगार मेला में कंपनियों ने 93 अभ्यर्थियों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में नियोजक एसआईएस चित्रकूट द्वारा प्रतिभाग किया गया।

आयोजित रोजगार मेले के साथ-साथ मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेंट काउन्सिलिंग भी की गई। आकाँक्षा यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी, ललितपुर द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी तथा अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों का चयन कर रोजगार मेले में लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया । कॅरियर काउन्सिलिंग में पधारी डा प्रियम्बदा सुड़ेले, डेन्टल सर्जन, ललितपुर द्वारा अभ्यर्थियों को उनके भविष्य के निर्माण हेतु विभिन्न जानकारियां प्रदान की गयी। साथ ही रोजगार के क्षेत्र में विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया।

**130 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया**

रोजगार मेले में प्रतिभागी कम्पनी एसआईएस चित्रकूट उप्र द्वारा जनपद के विकास खण्डों एवं सेवायोजन कार्यालय में लगाये गये रोजगार मेलों में कुल 130 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कम्पनी के नियोजक रजनीश कुमार, (कमांडेंट एस0आई0एस0) द्वारा प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया साक्षात्कार उपरान्त कुल 93 अभ्यर्थियों का सफल चयन किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा रोजगार मेले में सहयोग प्रदान किया गया।

---

कार्रवाई के साथ अर्थदंड भी प्रस्तावित किया जाएगा

# अवैध शिक्षण संस्थानों पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के विभिन्न ग्रामीण स्थलो में कतिपय विद्यालयों के प्रबन्धकों / प्रधानाचार्यों के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद से कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 1 से 8 तक की मान्यता प्राप्त कर विद्यालयों में मान्यता से इतर उच्च कक्षाओं को संचालित किये जा रहे है।

साथ ही कोंचिंग संचालक कोचिंग का रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यालय समय में कोचिंग का संचालन किया जा रहा है तथा बिना रजिस्ट्रेशन कराये कतिपय कोचिंग संचालित की जा रही है। उक्त स्थिति विभागीय नियमों तथा मान्यता / कोचिंग रजिस्ट्रेशन के नियमों के विरूद्ध है, जो दण्डात्मक कार्यवाही की परिधि में आता है। जनपद एवं जनपद के बाहर कतिपय मान्यता प्राप्त हाईस्कूल एवं इण्टर कालेजों द्वारा वास्तविक नामांकन के इतर ऐसे अमान्य विद्यालयों तथा कोचिंग के छात्रों का पंजीकरण अपने विद्यालयों. में कराया जाता है, जिससे इस प्रकार के नियम विरूद्ध कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है। इस परिस्थिति को देखते हुए समस्त अभिभावकों को बताया है कि इस प्रकार के नियम विरूद्ध तथा बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों एवं विद्यालय समय में कोचिंग सेन्टरों में अपने पाल्यों, बच्चों को पढ़ने हेतु न भेजे। अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाने से पहले उस संस्था के बारे में भली-भांति जानकारी नजदीक के राजकीय, परिषदीय विद्यालय के प्रधानाचार्य/अध्यापकों से कर लें। अमान्य विद्यालयों, कोचिंग सेन्टरों के औचक निरीक्षण हेतु कार्यालय स्तर से निरीक्षण टीम का गठन किया गया है, जो समय-समय पर औचक निरीक्षण कर ऐसे अमान्य विद्यालयों, कोचिंग सेन्टरों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही के साथ-साथ अर्थदण्ड की कार्यवाही नियमानुसार प्रस्तावित करायेगी।

---

# बस स्टैंड से खराब बस को हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




**नगर पालिका परिषद ने अवैध गुमटी हटवाई**

नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में कर निर्धारण अधिकारी, अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक, हेड सुपरवाइजर सहित टीम द्वारा बस स्टैण्ड कर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रखे गुमठियों को हटाया गया तथा वहां पर कई महीनों से खड़ी बसें जिनका संचालन नहीं हो रहा है, आने-जाने वाली बसों को परेशानी हो रही है। उक्त स्थिति को देखते हुए कई महीनों से खड़ी बसों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि वहां पर खराब रखी बसे या जिनका संचालन नहीं किया जा रहा है, उन बसों को बस स्टैण्ड से तत्काल हटा लें। इस दौरान जिन बसों के मालिक उक्त स्थल पर नहीं मिले उन बसों के नंबरों को नोट कियाग गया, जिनमें एक बस बिना नंबर की मौके पर पाई गई। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बस खराब पड़ी है व जिनका संचालन नहीं हो रहा है वह तत्काल प्रभाव से उक्त बसों को बस स्टैण्ड स्थल से हटाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में पालिका द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, धीरेन्द्र घावरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

---

श्रीशिव महापुराण की सरस कथा

# शिव की कथा के श्रवण से घोर कलियुग में मोक्ष की प्राप्ति होती : प्रपन्नाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी (ललितपुर)



महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गौना में श्रावण मास के पावन अवसर श्रीशिव महापुराण की सरस कथा श्रवण कराते हुए वृन्दावन से पधारे हुए प्रवक्ता पूज्य स्वामी श्रीअभयेश्वर प्रपन्नाचार्यजी महाराज ने कहा कि इस घोर कलियुग में अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति का सबसे सरल और श्रेष्ठ साधन भगवान शिव की कथा है जिसे श्रवण करने से बड़े-बड़े पापी भी पापों से मुक्त हो कर शिव लोक प्राप्त कर लेते हैं। महाराजजी ने केतकी पुष्प को भगवान शिव श्राप की कथा तथा श्रीनारद मोह का प्रसंग बहुत ही भाव के साथ सुनाया जिसे सुन श्रोता भाव में भर गये। दूसरे दिवस की कथा में श्रोताओं की अपार भीड़ ने भक्ति भाव में डूब कर भगवान शिव के भजनों में नृत्य किया। पूज्य महाराजजी के साथ पधारे हुए आचार्य श्री दीपक दुबे जी, शिवम सास्त्री, रिंकू सास्त्री, कुलदीप अवस्थी (की-बोर्ड), मोहित सिंह (तबला) और विनीत त्रिवेदी (पैड) कथा में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान यजमान सुखलाल कुशवाहा सहित प्यारेलाल कुशवाहा (पूर्व प्रधान), दयाराम कुशवाहा (प्रधान), ठेकेदार सुन्दर कुशवाहा, लखन कुशवाहा, बिहारी लाल, भरोसे लाल (मुखिया), दिनेश विदुआ, नरेश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, जगभान सिंह बुंदेला, भगवान सिंह परमार, गोपीराय, साहब सिंह, गोविन्द सिंह, गोविन्ददास बुनकर, आनंद किशोर कुशवाहा, नथू कुशवाहा, रामचरन मिश्रा, रविशंकर दुबे, गोविन्द दास मम्मा जू, उत्तमप्रसाद दुबे, रामेश्वर श्रीवास्तव, मोतीलाल कुशवाहा, धनसिंह कुशवाहा, विन्द्रावन कुशवाहा, श्याम कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, जमना प्रसाद राय सहित अनेक ग्रामवासी व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। कथा में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

वन विभाग के सुपुर्द किया

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर लावारिस 8 बोरी तेंदू पत्ता बरामद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उप निरीक्षक पीके दुबे ने अपने स्टाफ एवं वन विभाग के डिप्टी डेंजर मनीष कुमार गौड़ के साथ स्टेशन परिसर एवं आने जाने वाली गाड़ियों को चेक किया जा रहा था।

जिसमें चैकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 2- 3 पर बीना एण्ड पर लावारिस हालत में आठ बोरियां पड़ी हुई दिखाई दी, जिनको खोलकर देखना पर उनके अंदर सूखी हुई तेंदू की पत्तियां भरी हुई थी, जिस पर आसपास के यात्रियों को बुलाकर पूछताछ करने पर किसी ने भी अपना होना नहीं बताया। इन बोरियों को पुलिस द्वारा डिप्टी रेंजर के साथ मिलकर माल की जप्ती करने के उपरांत पोस्ट पर लाया गया, जहां सुपुर्दगी के तहत सभी आठ बोरियां जिनका कुल वजन 320 किलोग्राम जिनकी अनुमानित कीमत 2880/- रुपए को वन विभाग ललितपुर को सुपुर्द किया गया।

---

# विश्व मांगलय सभा ने किया तार वाले बालाजी मंदिर संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



विश्व मांगलय सभा द्वारा तार वाले बालाजी मंदिर में संकल्प का पांचवा कम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की संयोजक सुधारानी शर्मा एवं बक्कल त्रिपाठी रहे! कार्यक्रम की शुरुआत शक्ति गण एवं दीप प्रज्वलन की गई! अलका अग्रवाल एवं मांडवी शर्मा द्वारा ध्वज प्रार्थना कराई गई।

कार्यक्रम में रुद्राष्टक शिव चालीसा हनुमान चालीसा लिंगाष्टक शिव मानस पूजा शिव सतनामावली द्वादश ज्योतिर्लिंग का स्मरण सहित पंचाक्षर स्त्रोत का पाठ किया गया। सभी ने श्रद्धा भाव के साथ शिवजी का अभिषेक कर एवं आरती कर धर्म लाभ लिया स्त्रोत पाठ प्रांत सहसंयोजक का कविता साहू द्वारा कराए गए। शिव सतनामावली का पाठ मांडवी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित मातृशक्ति में चंदा यादव ,अलका अग्रवाल, विजय बंसल, विमला शर्मा, भावना शर्मा, किरण मेडिकल, उषा अग्रवाल, रसना यादव,स्नेह लता अग्रवाल, शोभा शर्मा, कमलेश दुबे, कोशिकी दुबे शिवानी शर्मा सहित अन्य मातृशक्ति उपस्थित रहे। श्रावण मास में चल रहे इन कार्यक्रमों में सभी लोग बढ़-चढ़कर बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ कार्यक्रम मैं शामिल होकर पुणे लाभ अर्जित कर रहे हैं। 25 जुलाई फोटो न.02 विश्व मांगलय सभा द्वारा तार वाले बालाजी मंदिर संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के साथ होगी समाप्त

# संघर्ष सेवा समिति की कांवड़ यात्रा 4 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 4 अगस्त को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में देशभर की पवित्र नदियों से जल एकत्रित कर यात्रा ललितपुर के पावन मंदिर प्रंगरण से प्रारंभ होकर पदयात्रा करते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के साथ समाप्त होगी।

इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए मुख्य आयोजक डा.संदीप ने कहा सनातन धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है। यह माह देवाधिदेव महादेव को समर्पित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी हम यात्रा का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं। इस यात्रा में विशाल कांवडिय़ा झांकी एवं पुष्प वर्षा के साथ कानपुर के कलाकारों द्वारा भोले एवं अघोरी तांडव नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा में उज्जैन से विशाल धमाल ढोल आमंत्रित किए गए हैं, यात्रा की अगुवाई में विशाल तोपें पुष्प वर्षा करते हुए चलेंगीं। साथ में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप रथ व बग्गियों पर उपस्थित रहेंगे। यह यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक व विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगी। आगे जानकारी देते हुए संघर्ष सेवा समिति के ललितपुर जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री सचिन दुबे ने बताया हमारा संगठन प्रत्येक वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन करता है। सावन के अंतिम सोमवार के दिन यह यात्रा सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहेंगे। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए हमारी पूरी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है।

---

# नमकीन-बिस्किट की आड़ में बेच रहे थे, पुलिस ने तीस देसी शराब के क्वार्टर बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में निर्धारित दुकानों के अलावा अन्य स्थानों पर भी चोरी छिपे देशी शराब ओवर रेट पर बेचे जाने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है। कई लोग चाय, नमकीन व बिस्किट का हाथ ठेला-गुमटी लगाये हुये हैं, लेकिन यहां ठेला-गुमटी की आड़ में देशी शराब को निर्धारित समय के उपरान्त ओवररेट पर बेचे जाने का गोरखधंधा खूब फल-फूल रहा है।

ऐसा ही एक प्रकरण शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग से प्रकाश में आया है, जहां नमकीन-बिस्किट ठेला की आड़ में देशी शराब को अवैध तरीके से बेचा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दविश देकर उक्त ठेले से 30 क्वाटर देशी शराब के बरामद किये हैं। बताया गया है कि उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी अपने हमराह कां.अमित राजपूत व सूरज सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि चौकाबाग में चाय, नमकीन व बिस्किट के ठेले पर देशी शराब ओवररेट पर बेची जा रही है। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने मौके पर पहुंच कर चना-नमकीन का ठेला लगाये दुकानदार पर दविश दी। पकड़े गये दुकानदार का नाम मोहल्ला रावतयाना निवासी सोनू प्रजापति पुत्र बुद्ध प्रजापति बताया गया है। पुलिस ने उसके ठेले की तलाशी ली, जहां ठेले के नीचे से सफेद बोरी से रसभरी मार्का के 30 अवैध क्वाटर बरामद किये गये। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बड़े स्तर पर अवैध कच्ची शराब और शराब की ओवर रेटिंग को लेकर जनपद के हाल बेहद खराब है पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग की उदासीनता से चल रहे हैं

## परेशानी अभी बाकी: कीचड़, पत्थरों से लबरेज है कहारपुरा का पहुंच मार्ग

# भूमिपूजन के बाद भी सड़क नहीं बनी तो शिलान्यास पट्टिका उठा लाए ग्रामीण

### *नरसिंहगढ़ के कहारपुरा का मामला, सड़क निर्माण के लिए 2017 में हुआ था भूमिपूजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति उपरान्त भूमिपूजन तो करवा देते हैं लेकिन बाद में कार्य हुआ या नहीं इस तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। एक ऐसे ही मामले में साल 2017 में हुए भूमिपूजन के आठ सालों बाद भी जब हाईवे से लेकर गांव तक का पहुंच मार्ग नहीं बना तो आक्रोषित ग्रामीण भूमिपूजन/शिलान्यास पट्टिका को ही उखाड़कर कलेक्टोरेट ले आए।

हम बात कर रहे हैं नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कहारपुरा गांव की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शासन से स्वीकृति मिलने के उपरान्त 19 फरवरी 2017 को एनएच-52 से कहारपुरा गांव तक करीब 2 किमी लंबाई वाली सड़क के निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर, तत्कालीन ब्यावरा विधायक नारायण सिंह पंवार(वर्तमान में राज्यमंत्री), तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष बद्रीलाल यादव, तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष गायत्री जसवंत गुर्जर, तत्कालीन जिपं सदस्य श्रीबाई गोविंद गुर्जर, रेखाबाई देवीसिंह गुर्जर, पंचायत के सरपंच कैलाशनारायण यादव सहित अन्य की



उपस्थित में जोरशोर के साथ सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कर दिया गया। लेकिन, उक्त भूमिपूजन के आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सड़क अभी तक नहीं बन पाई है।

#### कईं बार आवेदन दे चुके हैं ग्रामीण

भूमिपूजन पट्टिका लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या लेकर वे नरसिंहगढ़ एसडीएम कार्यालय में पूर्व में ज्ञापन दे चुके हैं। इसके साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी सड़क की बदहाली से अवगत कराया लेकिन सड़क निर्माण क्यों नहीं हो पा रहा है, इस बारे में सबने चुप्पी साध रखी है।

#### कीचड़ से सन जाती है स्कूली बच्चों की गणवेश

कहारपुरा के ग्रामीणों ने बताया की एनएच-52 से गांव तक का पहुंच मार्ग बारिश के मौसम में पूरा कीचड़ से सना हुआ है। आलम यह है कि कीचड़ और मटमैले पानी से लबरेज सड़क से स्कूल जाने वाले बच्चों की पूरी गणवेश तक खराब हो जाया करती है। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालक भी कईं बार यहां दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। सड़क की बदहाली के चलते प्रसूताओं को अस्पताल ले जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



#### ... तो नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

शिलापट्टिका के साथ ही अपना ज्ञापन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरने पूरे गांव के लोग नेशनल हाईवे पर चक्काजाम पर मजबूर होंगे।

---

## राज्य शिक्षा केंद्र को 8 माह पूर्व भेज चुके स्कूलों की सूची

# जिले के 526 स्कूलों की मरम्मत के लिए शासन से राशि का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य के पिपलोदी स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उक्त स्कूल की तरह राजगढ़ जिले में भी 526 ऐसे स्कूल हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। राजगढ़ शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षा केंद्र को जो सूची भेजी है उनमें मरम्मत की अति आवश्यकता वाले 239 वे स्कूल भी शामिल हैं जिनके भवन कभी भी जमींदोज होकर हादसे का कारण बन सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मरम्मत की अति आवश्यकता वाले इन 239 स्कूलों के भवन, उनकी छत या दीवारें कभी भी ढह सकती हैं। करीब 7-8 माह पूर्व जिला परियोजना समन्वयक(डीपीसी) कार्यालय द्वारा मरम्मत की दरकार वाले स्कूलों की सूची बनाकर राज्य शिक्षा केंद्र को उपलब्ध करवाई गई थी। लेकिन, शासन से राशि नहीं मिल पाने के चलते इन स्कूलों में मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है।

#### किसी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा तो कहीं दीवारें कमजोर

जिले के अनेकों स्कूल ऐसे हैं जिनकी छत का प्लास्टर हर कभी गिर जाया करता है। किसी स्कूल में तो आरसीसी छत में लगे सरिए तक नजर आने लग चुके हैं। इसके साथ ही अनेकों स्कूलों की दीवारें कमजोर होकर कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

#### एक बार पुनः मंगवाई सूची



राजस्थान के स्कूल में हुए उक्त हादसे के उपरान्त कल दोपहर ही राज्य शिक्षा केंद्र ने फिर से मप्र के सभी जिलों से मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची मंगवाई है। अब देखना यह है कि यह सूची भी पूर्व की सूची अनुसार फाईलों में दबी रहेगी या उस पर कुछ सार्थक अमल हो पाएगा।

#### इनका कहना है

राज्य शिक्षा केंद्र ने मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची हमसे मंगवाई है जो भेजी जा चुकी है। राशि प्राप्त होने के उपरान्त ही मरम्मत कार्य संभव हो पाएगा। जिले में मरम्मत की अति आवश्यकता वाले 239 स्कूल हैं।

**करण सिंह भिलाला,**
डीईओ एवं प्रभारी डीपीसी, राजगढ़

---

## मर्डर व दहेज प्रताड़ना के 5 दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**खिलचीपुर।** वर्ष 2020 में थाना माचलपुर अपराध क्रमांक 83/2020 अंतर्गत धारा 302, 304 बी 498 ए आईपीसी घटित मर्डर एवं दहेज प्रताड़ना प्रकरण में न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा के न्यायालय द्वारा आरोपी जावेद पिता अली हुसैन उम्र 22 वर्ष , अली हुसैन पिता माजीसा शाह उम्र 50 वर्ष, मुस्कान भी पति बबलू शाह उम्र 23 वर्ष, बबलू पिताजी हुसैन शाह उम्र 27 वर्ष, आमनाबी पति अली हुसैन शाह उम्र 50 वर्ष सर्व निवासी पिपलिया कुलमी थाना माचलपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश सभी को धारा 302 में आजीवन कारावास, 498 ए में 1 वर्ष तथा 2500 अर्थ दंड से दंडित किया है। शासन की ओर से पर भी कर रहे शासकीय अभिभाषकढ लोक अभियोजक राजगढ़ विजय सिंह सिसोदिया द्वारा बताया गया कि मामला माचलपुर थाने का है, आरोपी गणों द्वारा उनके ही परिवार की पत्नी बहु रानी भी के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करते हुए तथा प्रताड़ति करते हुए व दहेज की मांग करते हुए 29 फरवरी 2020 को आरोपी गणों द्वारा रनोबी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, जलने से उसकी मृत्यु हो गई थी। न्यायालय में लगभग 4-5 बरसों से चल रहे प्रकरण में लंबी लड़ाई के बाद उपरोक्त समृद्धि का रनोबी को न्याय मिला ओर दहेज के लॉबियों को उनके किए गए अपराध की सजा मिली ।

---

## कोरे कागज दिखाकर उड़ाए गहने

# नोटों की गड्डी दिखाकर 60 वर्षीय महिला से ठगी

### मंगलसूत्र और टॉप्स ले उड़े ठग, कोरे कागजों से भरी गड्डी में 500 व 10 के नोट ऊपर रखकर दिया लालच



**सारंगपुर।** शुक्रवार को शहर में एक बार फिर लालच देकर ठगी की वारदात सामने आई है। समीपस्थ ग्राम किठोर निवासी 60 वर्षीय सायरा बाई बंजारा से दो अज्ञात व्यक्तियों ने ठगी कर उनके गहने हड़प लिए। आरोपियों ने पहले उन्हें नकली नोटों की गड्डी का लालच दिया, फिर वृद्धा से उनका मंगलसूत्र और टॉप्स उतरवाकर मौके से फरार हो गए। सायरा बाई बाजार करने सारंगपुर आई थीं। दोपहर लगभग 3 बजे पाड़ल्या रोड के पास दो लोगों ने उन्हें रोककर बातचीत शुरू की और कागज की गड्डियों में ऊपर से 500 और 10 रुपए के नोट दिखाए। लालच में आकर महिला ने स्वयं ही अपने गहने उतारकर आरोपियों को सौंप दिए। थोड़ी ही देर बाद जब उन्होंने कपड़े में लिपटी गड्डियों को खोलकर देखा, तो उनके होश उड़ गएकृअंदर केवल कोरे कागज थे। गहने चले जाने से घबराई महिला रोती हुई थाने पहुंची और शुरुआत में लूट की कहानी गढ़ दी। हालांकि थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में एएसआई आनंदीलाल भिलाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की, जिसमें जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि यह मामला सीधे तौर पर ठगी का है। महिला को चतुराई से लालच देकर धोखा दिया गया था।

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। दिसंबर 2024 में भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी, जिसमें नोटों की गड्डी दिखाकर गहने उतरवाए गए थे। अब पुलिस यह जांच भी कर रही है कि इन घटनाओं के तार कहीं आपस में जुड़े तो नहीं हैं।

#### पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

---

## नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**शुजालपुर।** एवं साथिया वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वधान से ग्राम जामनेर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी। अभियान कार्यक्रम को लेकर ग्राम जामनेर थाना शुजालपुर के बालक ,बालिकाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिसमें शुजालपुर अनुविभागी अधिकारी पुलिस निमेष देशमुख शुजालपुर मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव अधिवक्ता अमित मालवीय स्कूल प्राचार्य प्रमोद खपरे उपस्थित रहे एसडीओपी निमेष देशमुख ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों को समझाया गया। साथ ही साथिया वेलफेयर सोसाइटी से जिला समन्वयक ने मांगीलाल जादव द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में बालक बालिकाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताएं और कहा कि आपके माता-पिता को समझाएं कि वह दिनभर मेहनत मजदूरी करते हैं और जब शाम को घर आते हैं तो आप किसी भी प्रकार का नशा करके आते हैं। आपकी दिनभर की मेहनत का पैसा आप नशे में उड़ा देते एवं आपके बच्चे पढ़ाई से पैसे के कारण वंचित रह जाते हैं घर परिवार में राशन की भी समस्या आती है आए दिन घर में महिला एवं बच्चों से झगड़े होते रहते हैं यही चीज आगे चलकर बच्चे भी सिखते हैं। इसीलिए नशे से दूर रहना चाहिए।

---

# शिक्षकों के बाद अब पशु चिकित्सकों ने किया ई-अटेंडेंस का विरोधकर प्रदर्शन

### बोले-फील्ड में रहेंगे तो कैसे लगा पाएंगे उपस्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सरकारी कर्मचारियों की अपने-अपने कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से शासन लगभग सभी विभागों में ई-अटेंडेंस को अनिवार्य कर रहा है। शिक्षा विभाग उपरान्त आगामी 1 अगस्त से पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के लिए भी सार्थक एप पर ई-अटेंडेंस अनिवार्य की जाने वाली है।

मप्र सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष एच.सी. संजोदिया के नेतृत्व में सभी पशु चिकित्सकों ने शुक्रवार को विभाग के उप-संचालक को एक ज्ञापन सौंपते हुए उक्त आदेश के पालन में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों से अवगत कराया। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों का अधिकतर कार्य फील्ड से जुड़ा हुआ है। पशुओं के बीमार होने पर उनके उपचार इत्यादि का कोई समय निश्चित नहीं होता है। पशुओं का उपचार अधिकतर सुबह 9 के पहले या शाम 4 के बाद ही संभव हो पाता है क्योंकि दिन में पशुपालक अपने मवेशियों को जंगल में भेज दिया करते हैं। पशुओं के शाम को लौटने के बाद ही उनका ईलाज, टीकाकरण आदि कार्य पशु चिकित्सक कर पाते हैं। इसके साथ ही मैदानी अमले के पास एक या एक से अधिक संस्थाओं का चार्ज भी है। ऐसे में सार्थक एप पर उपस्थिति लगाना संभव नहीं है।

#### सार्थक एप व्यवस्था से हमें रखें मुक्त

सभी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने मांग की है कि उनके फील्ड कार्य की प्रकृति को देखते हुए उन्हें सार्थक एप पर उपस्थिति व्यवस्था से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जगदीश चंद्र राठौर, ऋषिराज शर्मा, ओपी संजोदिया, रामचंद्र दांगी, एसडी डावर, रामबाबू दांगी, सुनील नागोरिया, आरके वर्मा, राकेश वर्मा, हेमराज धाकड़, अरविंद दांगी, हरीश दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## पंचायत सचिव संगठन ने...

# विधायक हजारीलाल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन भोपाल के आह्वान पर दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में तीन सुत्रिय मांगों के निराकरण के संबंध में ज्ञापन दिए जा रहे। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा संयुक्त रूप से विधायक हजारीलाल दांगी को उनके निवास पर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा अपनी मांगों को पुरा कराने की पहल की। ज्ञापन में उल्लेख किया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन, सेवा काल की गणना नियुक्ति दिनांक से करना, समयमान वेतनमान का लाभ जारी आदेश के पालन में दिया जाना है। इन मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस दौरान सचिव संगठन जिला अध्यक्ष लाखन सिंह खींची ,जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष दूल्हेसिंह परमार, श्रीलाल पवांर, जगदीशचंद्र मालवीय ,कैलाश शर्मा , छोटूलाल पवांर, बजरंग शर्मा ,गब्बर सिंह, पीरुलाल दांगी, रामबाबू राव , नरेंद्र सिंह , अर्जुन सिंह , शिवनारायण , भैरू सिंह तोमर, मांगीलाल दांगी , चुन्नीलाल, सिद्धू लाल इत्यादि सहित सचिव संगठन एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर-जीरापुर के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप उपस्थित रहे।

---

# विजयवर्गीय समाज ने भक्त शिरोमणि मीराबाई की 522वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

### पूजन, आरती व विचार गोष्ठी के साथ हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** विजयवर्गीय समाज द्वारा समाज की आराध्य देवी भक्ति शिरोमणि मीराबाई की 522वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने पूजा-अर्चना और आरती कर मीराबाई के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष विजय विजयवर्गीय ने समाजजनों को मीराबाई का चित्र भेंट किया और उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। प्रांत अध्यक्ष विजय विजयवर्गीय ने कहा कि, ष्मीराबाई का जीवन जात-पांत और सामाजिक बंधनों से ऊपर था। उन्होंने भक्ति का मार्ग चुनकर समाज को नया संदेश दिया। पति की मृत्यु के पश्चात उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन



भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया।ष वही स्थानीय अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने बताया कि मीराबाई ने एक स्त्री के रूप में उस समय की सामाजिक सीमाओं को लांघते हुए अपनी अलग पहचान बनाई और महिलाओं को सशक्त होने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ष्मीरा ने अपने पदों और भजनों से कृष्ण भक्ति का अद्भुत संदेश दिया, जो आज भी लोगों को आध्यात्मिक प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी योगेश विजयवर्गीय, वीरेंद्र विजयवर्गीय, सतीश विजयवर्गी, प्रवीण विजयवर्गी, प्रदीप विजयवर्गीय सहित महिला मंडल एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

---

## साल 2020 में पीपल्याकुल्मी गांव में हुई थी घटना

# विवाहिता को जलाकर मारने वाले 5 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के पीपल्याकुल्मी गांव में पति, सास, ससुर समेत ससुराल पक्ष के पांच दहेज लोभियों द्वारा एक विवाहिता महिला को जलाकर मार दिया गया था। साल 2020 में हुई इस दुर्दांत घटना के पांच सालों बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा ने तमाम सबूतों एवं गवाहों की बिना पर पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी आरोपियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।



#### क्या था पूरा मामला?

शासकीय लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि माचलपुर क्षेत्र के पीपल्याकुल्मी गांव निवासी रानीबी नाम की महिला को उसके ससुराल पक्ष के लोग अक्सर मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ति करते रहते थे। मायके पक्ष से दहेज न मिलने के चलते पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों ने 29 फरवरी 2020 को रानीबी पर केरोसीन डालकर उसकी उसे जलाकर मार दिया था। घटना के बाद माचलपुर थाने में मृतिका के पति, सास, ससुर, देवर व देवरानी पर हत्या, दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पांच सालों की लंबी लड़ाई के उपरान्त मृतिका को न्याय मिला है। न्यायालय ने मृतिका के पति जावेद पिता अली हुसैन, सास अमानबी पत्नी अली हुसैन, ससुर अली हुसैन पिता मजीशा शाह, देवर बबलू पिता अली हुसैन एवं देवरानी मुस्कान पत्नी बबलू हुसैन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

---

# 4 अगस्त को नगर भ्रमण पर निकलेंगे नीलकंठेश्वर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

बाबा नीलकंठेश्वर महादेव की शाही सवारी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 4 अगस्त सोमवार को धूमधाम के साथ निकाली जायेगी वही महादेव की शाही सवारी को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही एवं शाही सवारी बजरंग आखाड़ा के तत्वधान में नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जायेगी जिसमें चलित झाकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेगी जिसको लेकर समिति द्वारा सभी नगरवासी सहित ग्रामीण जानो से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आव्हान किया, नीलकंठेश्वर महादेव का उज्जैन महाकाल के तर्ज पर भव्य श्रृंगार व महाआरती भी आयोजित होगी।



---

# विधायक ने साइकिल वितरण कर बच्चों को मेहनत और समर्पण का संदेश दिया

### कुरावर, पीलूखेड़ी, जामुनिया गौप चोहान, झाड़ला में पौधरोपण

**कुरावर।** शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर, पीलूखेड़ी , जामुनिया गौप चोहान, झाड़ला में मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरसिंहगढ़ विधानसभा के विधायक माननीय श्री मोहन जी शर्मा (दादा) रहे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को कुरावर में 47, पीलूखेड़ी 41, जामुनिया गौप चोहान 21,व झाड़ला में 32 साइकिल वितरित की। विधायक शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आपको निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, और अच्छे प्रदर्शन पर स्कूटी व लैपटॉप जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और बच्चों का सर्वांगीण विकास शासन की प्राथमिकता है।



उन्होंने आगे कहा कि हमारे समय में बच्चे सेकंड हैंड किताबें आधे दाम में पाने का इंतजार करते थे, लेकिन आज सरकार आपको हर सुविधा उपलब्ध करा रही है, इसलिए मेहनत करें और नरसिंहगढ़ ब्लॉक का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पहली के बच्चों को निःशुल्क बैग भी वितरित किए गए।इसके पश्चात विधायक शर्मा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कुरावर मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीना, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश आदि थे।